# केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।

## सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र - (2020-21) ऑनलाइन माध्यम

कक्षा : पंचम विषय : हिन्दी समय : 1 घंटा

नाम : ........................................... कक्षा एवं वर्ग : .................. दिनांक : ................ अनुक्रमांक :.....

| दक्षताएं | पठन (5) | व्याकरण(3) | वर्तनी(2) | गद्य व पद्य(7) | रचनात्मक लेखन(6) | सुलेख (2) | योग (25) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | |

.........................................................................................................................

**ऑनलाइन माध्यम - प्रश्नपत्र के प्रथम खंड में,** पठन, व्याकरण, तथा वर्तनी संबंधी दक्षताओं की परीक्षा ली जाएगी, जिसमें 1 अंक वाले कुल 10 बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) हैं । **प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड में,** (पाठ्य पुस्तक के गद्य व पद्य, रचनात्मक लेखन तथा सुलेख से संबन्धित 3 अतिलघु उत्तरीय प्रश्न तथा 6 लघु उत्तरीय प्रश्न दिये गए हैं। इस प्रकार यह प्रश्नपत्र कुल 25 अंक का है। इस प्रश्नपत्र को गूगल फार्म या एमएस फार्म के माध्यम से कराया जा सकता है। इसकी समयावधि कुल 1 घंटा होगी (½ घंटा प्रथम खंड हेतु + ½ द्वितीय खंड हेतु)। इस प्रश्नपत्र के द्वितीय खंड के प्रश्न क्र. 11 से 19 तक के प्रश्नों के उत्तर सभी विद्यार्थी अपनी कापी में लिखकर उनका फोटो खींचकर jpg अथवा pdf फ़ाइल में (जैसा संभव हो) निर्धारित स्थान (add file) में अपलोड करके सबमिट (submit) करेंगे। विद्यार्थियों को अपलोडिंग हेतु 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा।

.........................................................................................................................

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

### (पठन) पठित गद्यांश (1x5 = 5)

**निम्नलिखित पठित गद्यांश को ध्यानपूर्वक समझकर पढ़िए और उसके आधार पर नीचे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर देने के लिए सही विकल्प का चुनाव कीजिये।**

बैठक और भोजन कक्ष के बीच, कम हवादार अँधेरे गलियारे की बंद-सी कोठरी में स्वामीनाथन की दादी अपने सारे सामान के साथ रहती थीं। उनका सामान था - पाँच दरियों, तीन चादरों, पाँच तकियों वाला भारी-भरकम बिस्तर, पटसन के रेशे का बना एक वर्गाकार बक्सा और लकड़ी का एक छोटा बक्सा जिसमें ताँबे के सिक्के, इलायची, लौंग और सुपारी पड़े रहते थे।

प्रश्न 1. लकड़ी के छोटे बक्से में निम्न में से क्या नहीं था?

क) लौंग ख) ताँबे के सिक्के ग) किशमिश

प्रश्न 2. दादी के पास कितने तकिये थे?

क) पाँच ख) चार ग) तीन

प्रश्न 3. वर्गाकार बक्सा किस से बना था?

क) पटसन के रेशे से　　　ख) लोहे से　　　ग) लकड़ी से

प्रश्न 4. गलियारा कैसा था?

क) कम हवादार　　　ख) हवादार　　　ग) चमकदार

प्रश्न 5. बंद-सी कोठरी में कौन रहता था?

क) स्वामीनाथन　　　ख) जानवर　　　ग) स्वामीनाथन की दादी

**(व्याकरण) 1x3 = 3 (MCQs)**

प्रश्न 6. पुलिस की वर्दी - इस वाक्यांश में **वर्दी** शब्द का लिंग क्या होगा।

क) पुल्लिंग　　　ख) नपुंसकलिंग　　　ग) स्त्रीलिंग

प्रश्न 7. "अंधेर नगरी का राजा अनबूझ था" यह वाक्य किस काल का है?

क) वर्तमान काल　　　ख) भविष्यत काल　　　ग) भूत काल

प्रश्न 8. 'आँख लगना' इस मुहावरे का सही अर्थ होगा -

क) आँख में चोट लगना　　　ख) नींद आ जाना　　　ग) आँख खराब होना

**वर्तनी (1 x 2 = 2 अंक) (MCQs)**

प्रश्न 9. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द शुद्ध है?

क) आर्शीवाद　　　ख) आशीर्वाद

प्रश्न 10. निम्न में से सही शब्द का चयन कीजिये।

क) भुक्खड़　　　ख) भुक्कड़

........................................................................................................................................

## द्वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा )

**गद्य-पद्य संबंधी प्रश्न - प्रश्न क्र. 11 से 13 तक** अति लघु उत्तरीय प्रश्न - (1 x 3 = **3** अंक)

**प्रश्न क्र. 14 से 15 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 2 = **4** अंक)

**रचनात्मक लेखन - प्रश्न क्र. 16 से 18 तक** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 3 = **6** अंक)

**सुलेख - प्रश्न क्र. 19** लघु उत्तरीय प्रश्न - (2 x 1 = **2** अंक)

........................................................................................................................................

प्रश्न 11. कोको के लिए चावल के पापड़ कौन लाया था?

........................................................................................................................................

प्रश्न 12. आपकी पाठ्य पुस्तक 'रिमझिम' की कौन सी कविता **नागार्जुन** ने लिखी है?

........................................................................................................................................

प्रश्न 13. 'छोटी सी हमारी नदी' कविता के किस शब्द से पता चलता है कि नदी के किनारे जानवर भी जाते थे?

........................................................................................................................................

प्रश्न 14. घायल तीतर अगर तुम्हें मिला होता, तो तुम क्या करते? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

.................................................................................................................................................

...............................................................................................................................................

प्रश्न 15. पानी की बचत करने के लिए आप क्या-क्या उपाय करोगे? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

.................................................................................................................................................

..........................................................................................................................................

## रचनात्मक लेखन

प्रश्न 16. प्रिय विद्यार्थियो, अपनी पसंदीदा किताब के बारे में दो वाक्य लिखिए |

.................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

प्रश्न 17. यदि आप विद्यालय के प्राचार्य होते तो कौन से दो कार्य सबसे पहले करना पसंद करते।

.................................................................................................................................................

..............................................................................................................................................

प्रश्न 18. कोविड-19 महामारी पर अपने विचार दो वाक्यों में लिखिए |

.................................................................................................................................................

................................................................................................................................................

## सुलेख

प्रश्न 19. नीचे लिखे गद्यांश को सुंदरता एवं शुद्धता के साथ अपने हस्तलेख में लिखिए ।

आजकल देखने में आ रहा है कि प्रदूषण कि समस्या दिन प्रतिदिन बढ़ती जा रही है। प्रदूषण के कारण लाखों लोग अस्वस्थ हो रहे हैं और कुछ लोग समय से पहले ही मृत्यु को प्राप्त हो रहे हैं।

.................................................................................................................................................

.................................................................................................................................................

**केन्द्रीय विद्यालय संगठन, आगरा संभाग ।**

**सत्रांत परीक्षा के अभ्यास हेतु नमूना प्रश्नपत्र-(2020-21) की अंक योजना**

**कक्षा : पंचम** **विषय : हिन्दी**

## प्रथम खंड - बहुविकल्पीय प्रश्न (MCQs) 10 अंक

### (पठन)

**प्रत्येक सही विकल्प चुनने के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा गलत विकल्प चुनने या कोई विकल्प न चुनने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के सही विकल्प इस प्रकार हैं।**

प्रश्न 1. लकड़ी के छोटे बक्से में निम्न में से क्या नहीं था?

**उत्तर: ग) किशमिश**

प्रश्न 2. दादी के पास कितने तकिये थे?

**उत्तर: क) पाँच**

प्रश्न 3. वर्गाकार बक्सा किस से बना था?

**उत्तर: क) पटसन के रेशे से**

प्रश्न 4. गलियारा कैसा था?

**उत्तर: क) कम हवादार**

प्रश्न 5. बंद-सी कोठरी में कौन रहता था?

**उत्तर: ग) स्वामीनाथन की दादी**

### (व्याकरण)

प्रश्न 6. पुलिस की वर्दी - इस वाक्यांश में **वर्दी** शब्द का लिंग क्या होगा।

**उत्तर: ग) स्त्रीलिंग**

प्रश्न 7. "अंधेर नगरी का राजा अनबूझ था" यह वाक्य किस काल का है?

**उत्तर: ग) भूत काल**

प्रश्न 8. 'आँख लगना' इस मुहावरे का सही अर्थ होगा -

**उत्तर: ख) नींद आ जाना**

### (वर्तनी)

प्रश्न 9. निम्न शब्दों में से कौन सा शब्द शुद्ध है?

**उत्तर: ख) आशीर्वाद**

प्रश्न 10. निम्न में से सही शब्द का चयन कीजिये।

**उत्तर: क) भुक्खड़**

.................................................................................................................................

## द्‌वितीय खंड - ( वर्णनात्मक लिखित परीक्षा ) 15 अंक
## (गद्‌य एवं पद्‌य)

**प्रश्न 11 से 13 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्रश्न 11. कोको के लिए चावल के पापड़ कौन लाया था?

**उत्तर: कोको के लिए चावल के पापड़ मिमि लाई थी।**

प्रश्न 12. आपकी पाठ्य पुस्तक 'रिमझिम' की कौन सी कविता **नागार्जुन** ने लिखी है?

**उत्तर: 'बाघ आया उस रात'**

प्रश्न 13. 'छोटी सी हमारी नदी' कविता के किस शब्द से पता चलता है कि नदी के किनारे जानवर भी जाते थे?

**उत्तर: ढ़ोर-डंगर**

**प्रश्न 14 से 15 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**प्रत्येक प्रश्न के संभावित सही उत्तर इस प्रकार हैं।**

प्रश्न 14. घायल तीतर अगर तुम्हें मिला होता, तो तुम क्या करते? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

**उत्तर: अगर घायल तीतर हमें मिला होता तो हम उसका उचित इलाज़ कराते और ठीक होने पर उसे जंगल में या खेतों में छोड़ देते ।**

प्रश्न 15. पानी की बचत करने के लिए आप क्या-क्या उपाय करोगे? (**अधिकतम दो वाक्यों में लिखिए**)

**उत्तर: बाल्टी में पानी लेकर नहायेंगे । पीने के लिए उतना ही पानी लेंगे जितना आवश्यक हो। आनावश्यक रूप से सड़क आदि धोने में पानी नहीं बहायेंगे।**

## (रचनात्मक लेखन)

**प्रश्न 16 से 18 तक प्रत्येक सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे आधा उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा तथा उत्तर न लिखने या गलत उत्तर लिखने के लिए शून्य (0) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**

**(सुलेख)**

**प्रश्न 19 हेतु विद्यार्थियों द्वारा लिखे गए अनुच्छेद की शुद्धता, स्वच्छता, तथा उचित अक्षर, शब्द, वाक्य रचना के आधार पर आकलन करते हुए सही उत्तर के लिए दो (2) अंक प्रदान किये जाएंगे तथा आंशिक उत्तर सही होने पर एक (1) अंक प्रदान किया जाएगा।**

**परीक्षक अपने अनुभव, समझ और विवेक से सही उत्तर के बारे में उचित निर्णय लें और उचित अंक प्रदान करें ।**